तत्काल/मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ/आज ही
संख्या-69/983/84-डे0ई0-13-सी0एम0-03/2013

प्रेषक,

मुरलीधर दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 26 नवम्बर,2013

विषय:- श्री कफील अहमद, सेवानिवृत्त बेयरर उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था को पेंशन तथा भविष्य निधि में जमा धनराशि का भुगतान किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-625/84-डे0ई0-13-सी0एम0-03/2013, दिनांक 12 अगस्त, 2013 एवं पत्र संख्या-सी0एम0-31/84-डे0ई0-13-सी0एम0-03/2013, दिनांक 02 सितम्बर, 2013 एवं पत्र संख्या-12/84-डे0ई0-13-सी0एम0-03/2013, दिनांक 03 सितम्बर, 2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में अपेक्षित कृत कार्यवाही से शासन को अभी तक अवगत नहीं कराया गया है ।

2- अत: अनुरोध है कि प्रश्नगत प्रकरण में भुगतान से संबंधित कृत कार्यवाही की सूचना उपक्षेत्रीय आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय लखनऊ से प्राप्त कर शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ से आच्छादित होने के कारण व्यक्तिगत ध्यान निवेदित है।

भवदीय,

(मुरलीधर दुबे)
विशेष सचिव ।

http://sbasandesh.up.nic.in/